दिनांकः 16.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्य विधानसभा की सात खाली सीटों पर उपचुनाव की घोषणा के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आचार संहिता लागू।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–राजस्थान एक आदर्श सप्लाई चेन डेस्टिनेशन बनने के लिए उत्सुक–अब तक 15 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के हुए एमओयू।
- जोधपुर में आज से दो दिन के मारवाड़ महोत्सव की शुरूआत।
- राज्य में सुबह शाम गुलाबी ठंड की दस्तक–आगामी दिनों में दिन के तापमान में बढ़ोतरी और रात के पारे में गिरावट के आसार।

000

राज्य विधानसभा की सात खाली सीटों के लिए 13 नवम्बर को उपचुनाव की घोषणा होने के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आचार संहिता लागू हो गई है। अलवर के रामगढ़, टोंक के देवली–उनियारा, नागौर के खींवसर, उदयपुर के सलूम्बर, डूंगरपुर के चौरासी और दौसा तथा झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कल राज्य के विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें उपचुनाव कार्यक्रम और आदर्श आचार संहिता की जानकारी दी। श्री महाजन ने सभी दलों से स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान तथा आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करवाने में सहयोग करने का आग्रह किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उपचुनाव की घोषणा के साथ ही संबंधित राजस्व जिलों में आचार संहित लागू हो गई है।

----------

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उपचुनाव वाले क्षेत्रों में 19 लाख 36 हजार 533 मतदाता पंजीकृत हैं। इनके लिए 1 हजार 862 मतदान केंद्र और 53 सहायक मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। गौरतलब है कि प्रदेश के सात विधानसभा क्षेत्रों में 13 नवम्बर को मतदान होगा। मतगणना 23 नवम्बर को होगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्थान एक आदर्श सप्लाई चेन डेस्टिनेशन बनने के लिए उत्सुक है। 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' के लिए अपनी जर्मनी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने कल म्यूनिख में इन्वेस्टर रोड शो में भाग लिया। उन्होंने जर्मन निवेशकों को राजस्थान में इकाईयां लगाने के लिए आमंत्रित किया। श्री शर्मा ने जर्मनी के कारोबारी समूहों से राज्य के ऑटोमोबाइल, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, पेट्रोलियम, अक्षय ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में निवेश का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में निवेश के लिए बनाए गए वातावरण के सकारात्मक परिणाम मिलने लगे हैं। राइजिंग राजस्थान समिट की घोषणा के दो महीने की भीतर ही अब तक 15 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के एमओयू पर हस्ताक्षर किये जा चुके हैं। निवेशक रोड शो के अलावा मुख्यमंत्री की अगुवाई वाले प्रतिनिधि मंडल ने जर्मनी की कई बड़ी कम्पनियों के अधिकारियों से मुलाकात की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान नवाचार अपनाकर तकनीकी प्रगति को बढावा दे रहा है। इसके लिए जर्मनी के साथ प्रमुख व्यवसायिक क्षेत्रों में सहयोग के लिए तत्पर है।

इधर, राइजिंग राजस्थान प्री समिट में माइनिंग सेक्टर में करीब 50 हजार करोड़ के एमओयू होंगे। खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बताया है कि आठ नवम्बर को जयपुर में आयोजित समिट में ये एमओयू किये जाएंगे। श्री रविकान्त कल खनिज भवन में माइंस और पेट्रोलियम सेक्टर के प्री समिट की तैयारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे।

इस बीच, आज से जिला स्तरीय इन्वेस्टर समिट शुरू हो रहे हैं। इसके तहत जैसलमेर, बांसवाडा, सवाईमाधोपुर और हनुमानगढ में समिट रखे गये हैं। हमारी हनुमानगढ संवाददाता ने बताया कि समिट में विभिन्न उद्योगों से जुड़े लोग मौजूद रहेंगे। इसके अलावा विभिन्न इकाईयों को दर्शाती प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

------------

000

प्रदेशभर के सभी चिकित्सा संस्थानों में साफ–सफाई और आधारभूत रख–रखाव में सुधार के लिए अभियान चलाया जाएगा। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हुई एक समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संस्थानों को मिशन मोड में 30 अक्टूबर तक निर्धारित मानकों के अनुसार साफ–सफाई, उचित रख रखाव और बेकार चीजों की नीलामी सुनिश्चित करनी होगी। श्रीमती राठौड ने कहा कि इसके बाद राज्य स्तर की टीम प्रदेशभर के चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण करेगी।

000

जोधपुर में आज से मारवाड़ महोत्सव की शुरूआत हुई। दो दिन के इस महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि फेस्टिवेल की शुरूआत मेहरानगढ किले पर सूर्य आराधना कार्यक्रम के साथ हुई।

--------------

000

कश्मीरी युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम के तहत आज कश्मीर के छह जिलों के युवा अजमेर पहुंचेंगे। 132 युवाओं का ये दल कश्मीर के श्रीनगर, बड़गाम, अनंतनाग, पुलवामा, कुपवाड़ा और बारामूला से आ रहा है। ये दल 21 अक्टूबर तक अजमेर रहकर राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत और खान–पान का अध्ययन करेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केन्द्र की ओर से खेल मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सहयोग से किया जा रहा है।

000

आज शरद पूर्णिमा है। इस अवसर पर मंदिरों और विभिन्न संस्थाओं की ओर से शरद उत्सव के आयोजन रखे गए हैं। चूरू जिले के सालासर बालाजी धाम पर लगने वाला लखी मेला परवान पर है। हमारे संवाददता ने बताया कि मुख्य मेला आज भर रहा है।

-------------

000

राज्य में कुछ स्थानों पर पिछले दिनों हुई बारिश के बाद अब तापमान में गिरावट आने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी हवाओं का असर खत्म होने से अब बारिश का दौर थम गया है। कल प्रतापगढ़ में हल्की बारिश हुई। राजधानी जयपुर में बादल छाए रहे और हवाएं चलीं। वहीं कल छह शहरों में रात का पारा 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों मौसम शुष्क रहने से दिन के तापमान में बढोतरी और रात के पारे में गिरावट की संभावना है। इससे प्रदेश में गुलाबी ठंड का दौर शुरू हो जाएगा।

000